दिनांक: 24.11.2025 **समय: 07.10PM**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराएँगे।

2- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- जिला और जनपद पंचायतों के उपाध्यक्षों की शिक्षा समितियों में बढ़ेगी भूमिका।

3- प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का कार्य उत्साह के साथ जारी।

4- बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में निधन, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ ही मुख्यमंत्री ने जताया शोक।

प्रधानमंत्री-अयोध्या दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का दौरा करेंगे और देश के सामाजिक-सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अवसर का प्रतीक बनेंगे। श्री मोदी सप्तमंदिर जाएंगे, जहाँ महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुहा और माता शबरी से संबंधित मंदिर स्थित हैं। इसके बाद वे शेषावतार मंदिर के दर्शन करेंगे।

प्रधानमंत्री माता अन्नपूर्णा मंदिर भी जाएंगे। इसके बाद, वे राम दरबार गर्भगृह में दर्शन और पूजा करेंगे।

श्री मोदी अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर औपचारिक रूप से भगवा ध्वज फहराएंगे।

सीएम- वाटरशेड महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज भोपाल में आज पंचायत प्रतिनिधियों एवं

पदाधिकारियों की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला और वाटर शेड महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों, जनपदों एवं संगठनों के अधिकारियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने यहा कहा कि अब से जिला पंचायतों और जनपद पंचायतों के उपाध्यक्ष विद्यालयों का आधिकारिक तौर पर निरीक्षण करेंगे। उनके सुझावों पर अमल किया जाएगा और प्रशासन उनकी रिपोर्ट्स के आधार पर कार्रवाई करेगा।

शिवराज - कृषि विज्ञान सम्मेलन

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार किसानों के हित में एकीकृत खेती पर ध्यान केंद्रित कर रही है। नई दिल्ली में आज छठे अंतर्राष्ट्रीय कृषि विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि सीमांत किसानों के लिए एकीकृत खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से अगले पांच वर्षों के लिए एकीकृत खेती से संबंधित योजना बनाने का आग्रह किया।

श्रम कानून- प्रतिक्रिया

ग्वालियर के कर्मचारी राहुल शर्मा ने श्रम संहिता सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया जिससे 45 करोड़ असंरक्षित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाये जा सकेंगे और देश के कार्यबल में क्रांतिकारी बदलाव होगा।

निर्वाचन आयोग - एस आई आर

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण -**एस आई आर** के दूसरे चरण की शुरुआत के बाद से 99 प्रतिशत से ज़्यादा गणना प्रपत्र मतदाताओं के बीच वितरित किए जा चुके हैं। आयोग ने बताया कि अब तक 50 करोड़ 50 लाख से ज़्यादा गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में भी एसआईआर का कार्य जारी है। गुना कलेक्टर ने बताया कि जिले में भी विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरी तत्परता से किया जा रहा है।

शहडोल जिले में एसआईआर के तहत आज शाम तक 63 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का काम पूरा हो चुका है। जिले में 7 लाख 90 हजार से

अधिक मतदाता हैं। इनमें से 5,06,356 मतदाता की मैपिंग हो चुकी है। खंडवा जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ और उनकी टीम को कलेक्ट्रेट में सम्मानित किया गया। देवास जिले में अब तक 59.15 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है।

धर्मेंद्र- निधन

प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार आज शाम मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर उनकी पत्नी हेमा मालिनी, बेटी ईशा और बेटे सनी तथा बॉबी देओल सहित परिवार के करीबी सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। लंबी बीमारी के बाद, 89 वर्षीय धर्मेंद्र ने आज सुबह अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, **उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन** और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरिष्ठ अभिनेता और पद्म भूषण से सम्मानित धर्मेंद्र की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जाने-माने फिल्म अभिनेता और पूर्व सांसद धर्मेंद्र का जाना भारतीय सिनेमा के लिए अपूर्णिय क्षति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि धर्मेंद्र का निधन भारतीय सिनेमा में एक युग का अंत है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी धर्मेंद्र के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि सिनेमा जगत को समृद्ध करने में उनका अद्वितीय योगदान और अभिनय सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

1- बैतूल जिले में 81 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। डिजिटाइजेशन में बैतूल प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है।

2- नीमच जिले ने विशेष गहन पुनरीक्षण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले ने कुल 70.98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर, इस अभियान को सफल बनाया है।

3- कटनी जिले में शीतलहर के मद्देनजर नगर निगम ने अलाव और रैन

बसेरा की निशुल्क व्यवस्था की है।

4- कटनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट युवा फार विकसित भारत अभियान के तहत कल पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ होगा।

5- झाबुआ जिले में 13 दिसम्बर को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।